हरियाणा सरकार

वित्त विभाग

(विनियम)

अधिसूचना

दिनांक 12 मार्च, 2006

क्रम संख्या 2/1(4)-87-4 एफ० आर०.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 283 के खण्ड (2) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, पंजाब वित्त नियम, जिल्द-I में हरियाणा राज्यार्थ को आगे संशोधित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. ये नियम पंजाब वित्त नियम (हरियाणा प्रथम संशोधन) नियम, 2006, कहे जा सकते हैं।

2. पंजाब वित्त नियम जिल्द-I में नियम 19.6 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात् :—

"19.6 फुटकर खर्च, भण्डार, फीस, प्रतिकर, पारिश्रमिक, इत्यादि, (नियम 8.3 तथा 15.2) :—

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
1.	इस नियम में अन्यथा न दिए गए ऐसे अनावर्ती व्यय की स्वीकृति।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 1,00,000/- रुपये तक।
		नियन्त्रण अधिकारी	प्रत्येक मामले में 40,000/- रुपये तक।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 10,000/- रुपये तक।
2.	इस नियम में अन्यथा न दिए गए आवर्ती व्यय की स्वीकृति।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 50,000/- रुपये तक।
		नियन्त्रण अधिकारी	प्रत्येक मामले में 20,000/- रुपये तक।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 5,000/- रुपये तक।
3.	(i) कम्प्यूटर खरीदने की स्वीकृति जिस में व्यक्तिगत कम्प्यूटरों तथा सहायक उपसाधन की खरीद भी शामिल है।	सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सलाह के साथ प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक कम्प्यूटर के लिए 50,000/- रुपये तक।
	(ii) सभी प्रकार के कम्प्यूटरों को किराए पर लेने तथा रखरखाव।	सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सलाह के साथ प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
4.	बिजली, गैस, पानी, टेलीफोन, डाक टिकटों और कानूनी निकाय अथवा किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा उद्ग्रहित करने के लिए प्रभारी की स्वीकृति।	कार्यालयाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
5.	फिक्सचर तथा फर्नीचर की खरीद तथा मरम्मत की स्वीकृति।	विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक।
6.	किराया-भाड़ा, डेमरेज और घाट-भाड़ा प्रभारी की अदायगी स्वीकृत करना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 5,000/- रुपये तक।
		नियन्त्रण अधिकारी	प्रत्येक मामले में 2,000/- रुपये तक।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक। बशर्ते कि प्रभार किसी भी कर्मचारी की लापरवाही के कारण उद्गृहित न हो।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
7.	बिजली के पंखे, हीटरों, कूलरों इत्यादि के किराए प्रभार की स्वीकृति देना।	कार्यालयाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
8.	निम्नलिखित के लिए भवन या भूमि के लिए किराए की आदायगी की स्वीकृति देना— (i) सामान्य कार्यालय स्थान सुविधा (ii) गोदामों (iii) रिहायशी प्रयोजनों इत्यादि।	प्रशासकीय विभाग	(i) तथा (ii) के लिए 20,000/- रुपये तक तथा (iii) के लिए प्रत्येक व्यक्तिगत मामले में प्रतिमास 10,000/- रुपये तक।
		विभागाध्यक्ष	कार्यालय स्थान सुविधा के लिए प्रतिमास 10,000/- तक और भूमि के लिए प्रतिमास 2,000/- रुपये।
		नियन्त्रण अधिकारी	कार्यालय स्थान सुविधा के लिए प्रतिमास 2,000/- रुपये तक।
		कार्यालय अध्यक्ष	कार्यालय स्थान सुविधा के लिए प्रतिमास 1,000/- रुपये तक। बशर्ते कि लोक निर्माण (भवन तथा सड़क) विभाग से स्थान सुविधा अपयोप्तता तथा उपयुक्तता का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया जाता है तथा मालिक के साथ पांच साल का करारनामा भी निष्पादित किया जाए।
9.	सरकारी कर्त्तव्यों का निर्वहन करते समय सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध संस्थापित दाण्डिक कार्यवाहियों में उनके प्रतिवाद में कानूनी प्रभार स्वीकृत करना।	ग्रुप 'क' तथा ग्रुप 'ख' सेवा के कर्मचारियों के लिए प्रशासकीय विभाग ग्रुप 'ग' तथा ग्रुप 'घ' सेवा के कर्मचारियों के लिए विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां इस शर्त के अधीन रहते हुए कि प्रतिवाद की वास्तविक लागत विधि तथा विधायी विभाग की सहमति से प्रतिपूर्ति की जाएगी। -यथोपरि-
10.	ऐसे सरकारी कर्मचारियों के कानूनी खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए जिनके आचरण की निम्न खर्च के कारण पूछताछ की गई हो— (i) प्रतिवाद गवाह; और	ग्रुप 'क' तथा ग्रुप 'ख' सेवा के कर्मचारियों के लिए प्रशासकीय विभाग और ग्रुप 'ग' तथा 'घ' सेवा के कर्मचारियों के लिए विभागाध्यक्ष	गवाहों के सम्बन्ध में पूरी शक्तियां : (क) अभियोजन या प्रतिवाद के लिए बुलाए गए गैर-सरकारी गवाहों को खर्च की आदायगी सिविल न्यायालयों में हाजिर होने वाले गवाहों के सम्बन्ध में उच्च न्यायालय नियम जिल्द-I के अध्याय 5 ग में विनिर्दिष्ट दरों और आदेशों के अनुसार की जानी चाहिए; (ख) गवाह के तौर पर बुलाए गए सरकारी कर्मचारियों को उपस्थिति का सामान्य प्रमाण-पत्र दिया जाए ताकि वे पंजाब सिविल सेवा नियम जिल्द III, यात्रा भत्ता नियम के उपबन्धों अनुसार पात्रता आधार पर सामान्य यात्रा-भत्ते तथा दैनिक भत्ते प्राप्त कर सके जिनके लिए वे हकदार हैं; (ग) गैर-सरकारी गवाहों का खर्च उसी लेखा शीर्ष के नाम डाला जाना चाहिए जिसमें से शंकाधीन सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी का वेतन विकलित किया जाता है; (घ) गैर-सरकारी गवाहों को भुगतान सम्बद्ध कार्यालयों/विभागों के फुटकर खर्च में से किया जाना चाहिए;

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
			(ङ) केवल उन गवाहों को ही खर्च का भुगतान किया जाना चाहिए जिन्हें आयोग या पूछताछ अधिकारी आवश्यक गवाह के रूप में घोषित करे।
	(ii) वकील की फीस	ग्रुप 'क' तथा ग्रुप 'ख' सेवा के कर्मचारियों के लिए प्रशासकीय विभाग	5,000/- रुपये तक।
		ग्रुप 'ग' तथा ग्रुप 'घ' सेवा के कर्मचारियों के लिए विभागाध्यक्ष	3,000/- रुपये तक :— (क) जब सरकारी कर्मचारी को किसी वकील के माध्यम से प्रतिनिधित्व की अनुमति दी जाती है तो वकील की फीस की प्रतिपूर्ति केवल उसी मामले में की जाएगी, जहां शंकाधीन अधिकारी/कर्मचारी अपनी सफाई देने में सफल हो जाए।
11.	हरियाणा विधि विभाग निर्देशिका में यथा परिभाषित नियन्त्रण अधिकारी की मंजूरी प्राप्त करके दायर किए गए दीवानी मुकद्दमें के सम्बन्ध में खर्च की स्वीकृति देना।	कार्यालय अध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
12.	कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के अधीन सरकारी कर्मचारियों को प्रतिकर देना।	विभागाध्यक्ष	विधि परामर्शी से पहले प्राप्त की गई मन्त्रणा के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां।
13.	ग्रुप 'घ' के कर्मचारी, जो अपनी सरकारी ड्यूटी करते समय विशेष जोखिम के परिणामस्वरूप चोट लगने के कारण मृत हो गए हों अथवा मारे गए हों, उनके सम्बन्धियों को अन्त्येष्टि तथा अन्य खर्चे को पूरा करने के लिए नकद इनामों की मंजूरी देना।	कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 5,000/- रुपये की अधिकतम राशि की सीमा के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां टिप्पणी : शब्द "विशेष जोखिम" की पंजाब सिविल सेवा नियम, जिल्द-II के नियम 8.26(7) तथा (8) में परिभाषित है।
14.	चार घण्टे तक के लिए सफाई कर्मचारी, पानी लाने-पिलाने वाले कर्मचारी, माली इत्यादि की अदायगी फुटकर खर्चों से की जानी है।	विभागाध्यक्ष	हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार उपायुक्त द्वारा नियत दरों पर पूरी शक्तियां।
15.	विभागीय परीक्षा प्रश्न-पत्रों बनाने और उत्तर पुस्तिकाएं जांचने हेतु खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	(i) एक प्रश्न पत्र बनाने के लिए 500/- रुपये। (ii) प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के जांचने के लिए 10/- रुपये। (iii) प्रत्येक उम्मीदवार की प्रैक्टिकल और मौखिक परीक्षा के लिए 10/- रुपये।
16.	निम्नलिखित में लैक्चर देने के लिए अतिथि संकाय (गैस्ट फैकल्टी) को खर्च की स्वीकृति देना :—	संस्थान अध्यक्ष	500/- रुपये प्रति सत्र (लैक्चर) + और प्रतिदिन 50/- रुपये यात्रा-प्रभार।
	(i) राज्य संस्थान		
	(ii) अन्य संस्थानों	संस्थान अध्यक्ष	200/- रुपये प्रति सत्र (लैक्चर) + और प्रतिदिन 50/- रुपये यात्रा-प्रभार। सत्र से अभिप्राय है, लैक्चर की समय-सीमा, जो एक घण्टे से लेकर डेढ़ घण्टे तक हो सकती है।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
17.	केवल कार्यालय प्रयोग के लिए अपेक्षित पुस्तकों, पत्रिकाओं और समाचार-पत्रों (केवल तीन संख्या में) की खरीद के लिए खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
18.	(क) टेलीफोन बोर्ड हरियाणा द्वारा अनुमोदित पात्र अधिकारियों के कार्यालयों तथा घरों पर टेलीफोन साज-समान सहित नए टेलीफोन कनैक्शन के खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
	(ख) केवल आपात स्थिति में अस्थायी तौर पर टेलीफोन लगाने के खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां, बशर्ते कि अस्थायी तौर पर लगाया गया टेलीफोन तीन महीने से अधिक नहीं होना चाहिए।
19.	पंजाब वित्त नियम जिल्द-I के परिशिष्ट 17 में उल्लिखित सप्लाई के सभी अनुमोदित स्त्रोतों से पूछताछ करने के बाद तथा निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा से, संविदा पर यदि उपलब्ध हो, पता करने के बाद स्थानीय बाजार से भंडार को सीधे ही खरीदने के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में 1,00,000/- रुपये तक।
		विभागाध्यक्ष	प्रत्येक कार्यालय के प्रधानों के नियन्त्रणाधीन वित्त वर्ष के दौरान किसी एक मद के लिए 75,000/- रुपये तक।
		नियन्त्रण अधिकारी	प्रत्येक कार्यालय प्रधान के नियन्त्रणाधीन वित्त वर्ष के दौरान किसी भी एक मद के लिए 25,000/- रुपये तक।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मौके पर किसी भी एक मद के लिए 7,000/- रुपये तक बशर्ते वित्त वर्ष के दौरान उस मद से सम्बन्धित कुल खरीद की राशि 15,000/- रुपये से अधिक न हो।
20.	जब आपात परिस्थितियों में अनुमोदित सप्लाई स्त्रोतों से खरीद करना सम्भव न हो तो स्थानीय बाजार से सीधे खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में 30,000/- रुपये तक।
		विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 20,000/- रुपये तक।
		नियन्त्रण अधिकारी	प्रत्येक मामले में 10,000/- रुपये तक।
		कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 2,000/- रुपये तक।
			बशर्ते इन शक्तियों का प्रयोग करते समय मंजूरी आदेश में आपात स्थिति की स्पष्ट व्याख्या की गई हो।
21.	अपने कार्यालय के लिए तथा अपने अधीन कार्यालयों के लिए टाइपराइटर, फैक्स मशीन, सम्पूर्ण इण्टरकाम उपकरण, इलैक्ट्रानिक स्टैंसिल कटर, डिकटाफोन, कापिंग मशीन, डुपलीकेटर, डुपलीकेटिंग मशीन, फ्रेकिंग मशीन, ऐडरेसोग्राफ, फाइलिंग तथा इंडैकसिंग सिस्टम इत्यादि की खरीद पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	मुद्रण तथा लेखन सामग्री निर्देशिका में दी गई शर्तों तथा सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां परन्तु इस शर्त के अधीन कि मशीनों को बोर्ड द्वारा किसी विचार-विमर्श के बाद मशीन को बदला जायेगा। नाकारा करने के लिए प्रार्थना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर नाकारा प्रतिक्रिया पूरी करनी होगी। अन्यथा विभाग यह मान लेना कि प्रार्थना बोर्ड द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। रेट संविदा निश्चित होने और नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग द्वारा परिचालित किए जाने के बाद, मशीनों की खरीद सम्बन्धित विभाग द्वारा स्वयं सीधे ही की जाएगी।
22.	सरकारी गाड़ी (गाड़ियों) की मरम्मत पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
		कार्यालयाध्यक्ष	एक समय में 10,000/- रुपये तक बशर्ते कि गाड़ी की मरम्मत सरकार द्वारा, अनुमोदित कम्पनी के प्राधिकृत व्यवहारी भवन तथा सड़क वर्कशाप अथवा हरियाणा रोडवेज़ वर्कशाप से करवाई जायेगी।
23.	गाड़ी (गाड़ियों) खरीदने पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां बशर्ते कि खरीद-निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान के माध्यम से की जाएगी।

1. न्याय प्रशासन विभाग

(i) महाधिवक्ता हरियाणा
(ii) विधि तथा विधायी विभाग
(iii) अभियोजन विभाग
(iv) जेल विभाग

दीवानी मामले

24.	सिविल, विविध और भूमि अर्जन मामलों में पैरवी करने हेतु फीस की अदायगी पर खर्च की स्वीकृति देना :—		
	(i) महाधिवक्ता,	न्याय प्रशासन	पूरी शक्तियां :—
	(ii) विधि परामर्शी,		(i) महाधिवक्ता हरियाणा की नियुक्ति की निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार।
	(iii) सहायक अर्थात् महाधिवक्ता की सहायता करने वाले गैर-सरकारी वकील,		(ii) किसी विशेष मामले में सरकार द्वारा जारी की गई निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार।
	(iv) सरकारी की और से प्रतिपादन करने वाले प्राईवेट विधि व्यवसायी।		(iii) किसी एक मामले में 500/- रुपये और अधिकतम 5,000/- रुपये की सीमा के अन्तर्गत रहते हुए इकट्ठे मामलों की स्थिति में 250/- रुपये प्रति अतिरिक्त मामला।
			(iv) एक मामले में 5,000/- रुपये और इकट्ठे मामलों की स्थिति में, अधिकतम 11,000/- रुपये की सीमा के अन्तर्गत रहते हुए प्रत्येक अतिरिक्त मामले के लिए 1,000/- रुपये।
25.	निम्नलिखित मामलों में महाधिवक्ता के निपटान पर दिये गए उपबन्ध से फीस की अदायगी पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना :—		
	(i) महाधिवक्ता और महाधिवक्ता के सहायक को दी जानें वाली फीसें और ऐसे मामलों में जहां वाद का विषय अधिक जटिल होने के कारण, उस की फीस निर्धारित न की जा सकती हो अथवा जहां विधि विभाग निर्देशिका में निर्धारित फीस अपर्याप्त लगती हो।	विधि परामर्शी	महाधिवक्ता के लिए अधिकतम 11,000/- रुपये की सीमा में रहते हुए 1,500/- रुपये प्रति पेशी।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
	(ii) सरकार की ओर से वकील के रूप में फीस।	महाधिवक्ता	महाधिवक्ता के सहायक के लिए अधिकतम 5,000/- रुपये की सीमा में रहते हुए 500/- रुपये प्रति पेशी।
		विधि परामर्शी अथवा महाधिवक्ता जैसी भी स्थिति हो	वास्तविक रूप में हुई प्रत्येक पेशी के लिए 500/- रुपये और यदि पेशी स्थगित हो गई हो तो एक मामले में 5,000/- रुपये की अधिकतम सीमा में रहते हुए 200/- रुपये प्रति पेशी। हरियाणा विधि विभाग निर्देशिका में अधिकथित नियमों तथा उपरलिखित शर्तों और सीमा के अनुसार दी जाने वाली फीस के बिलों पर उपायुक्त प्रतिहस्ताक्षर करेंगे।
	फौजदारी मुकदमें		
26.	(1) फौजदारी, अर्ध-फौजदारी मामलों को संचालित करने के लिए फीस का भुगतान पर खर्च की स्वीकृति देना :—	न्याय प्रशासन	(क) महाधिवक्ता हरियाणा की नियुक्ति के निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार।
	(क) उच्च न्यायालय से भिन्न किसी अन्य अदालत में पेश होने के लिए महाधिवक्ता।		
	(2) निम्नलिखित मामलों में प्राईवेट विधि व्यवसायी को महाधिवक्ता के निपटान पर दिये गये उपबन्धों से फीस की आदायगी पर खर्च की स्वीकृति देना :— फीस के लिए—		
	(i) उच्च न्यायालय में सरकार का प्रतिनिधित्व करना।	महाधिवक्ता	एक मामले में 5,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक वास्तविक पेशी के लिए 500/- रुपये तक।
	(ii) उच्च न्यायालय में किसी गरीब अभियुक्त की पैरवी करना।	महाधिवक्ता	मुकदमा सुनने वाले न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर 5,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक वास्तविक पेशी के लिए 500/- रुपये तक।
	(iii) किसी सरकारी केस को गैर-सरकारी वकील द्वारा सरकारी अभियोजक के तौर पर अधीनस्थ न्यायालय में संचालित करने की फीस अथवा जब किसी गरीब अभियुक्त की पैरवी करने के लिए सत्र न्यायाधीश द्वारा किसी वकील को नियुक्त किया जाए, तो उसे दी जाने वाली फीस की स्वीकृति।	विधि परामर्शी	किसी एक मामले में 5,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए, प्रत्येक वास्तविक पेशी के लिए 500/- रुपये और मामला स्थगित होने की स्थिति में 200/- रुपये। हरियाणा विधि विभाग निर्देशिका में निर्दिष्ट नियमों तथा उपरलिखित शर्तों और सीमा के अनुसार, उपायुक्त फीस के बिलों पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे।
27.	सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय अथवा दिल्ली न्यायालय में मुकदमों को संचालित करने के लिए पैनल वकीलों को फीसों की अदायगी के खर्च की स्वीकृति देना।	आवास आयुक्त हरियाणा भवन	पूरी शक्तियां। सरकार द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार इन फीस बिलों की अदायगी महाधिवक्ता हरियाणा द्वारा की

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
			जाएगी। नामिका में दर्ज वकील को फीस की अदायगी, सरकार द्वारा, समय-समय पर निर्धारित दरों के अनुसार की जाएगी, परन्तु इस उद्देश्य हेतु वकील (वकीलों) को नामित करने से पूर्व लिखित रूप में उन की सहमति प्राप्त कर ली जाए तथा तदोपरान्त ही उनको नामित किया जाए।
	जेल विभाग		
28.	ऐसे व्यक्तियों को जो जेल विभाग में है नियोजित न हो, भगौड़े कैदियों को पुन: पकड़ने पर इनाम देना।	महानिदेशक, जेल	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक।
29.	ऐसे व्यक्तियों को जो जेल विभाग में नियोजित न हो, जेल परिसर के भीतर महत्त्वपूर्ण सूचना देने पर इनाम देना।	महानिदेशक, जेल	प्रत्येक मामले में 250/- रुपये तक।
		अधीक्षक केन्द्रीय/जिला जेल	एक वर्ष में 500/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक केस के लिए 100/- रुपये तक।
30.	औजार तथा संयंत्रों उपकरण की खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	(i) महानिदेशक, जेल	पूरी शक्तियां।
		(ii) अधीक्षक केन्द्रीय/ जिला जेल	किसी एक मद के लिए 1,500/- तक।
		(iii) अधीक्षक, उप-जेल	किसी एक मद के लिए 1,000/- रुपये तक।
31.	भोजन सामग्री जैसे गेहूं, चना, दालें, लकड़ी, ईंधन, वनस्पति घी, तेल इत्यादि की सरकार द्वारा मंजूरशुदा स्त्रोतों से स्थानीय खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		महानिदेशक, जेल	किसी एक मद के लिये 2,00,000/- रुपये तक।
		अधीक्षक केन्द्रीय/जिला जेल	किसी एक मद के लिये 15,000/- रुपये तक।
		अधीक्षक, उप-जेल	किसी एक मद के लिये 5,000/- रुपये तक।
32.	भोजन सामग्री जैसे गेहूं, चना, दालें, लकड़ी, ईंधन, वनस्पति घी, तेल इत्यादि की आपात परिस्थितियों में सभी कानूनी प्रावधानों का पालन करने के बाद, स्थानीय मार्किट से खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		महानिदेशक, जेल	किसी एक मद के लिये 50,000/- रुपये तक।
		अधीक्षक केन्द्रीय/जिला जेल	किसी एक मद के लिये 10,000/- रुपये तक।
		अधीक्षक, उप-जेल	किसी एक मद के लिये 2,000/- रुपये तक।
	(2) पशु पालन विभाग		
33.	स्थायी पशुधन खरीद समिति के माध्यम से पशुओं को खरीदने के खर्च की स्वीकृति देना।	निदेशक, पशुपालन	पूरी शक्तियां।
	(3) शिक्षा विभाग		
34.	किताबों की खरीद पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	(i) उच्चतर और उच्च विद्यालयों के प्रधान/शैक्षणिक संस्थानों के प्रधान।	उन के प्रभार अधीन संस्थानों के पुस्तकालयों के लिए पूरी शक्तियां परन्तु शर्त यह है कि खरीदी जाने वाली पुस्तकें शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित होनी चाहिएं।
		(ii) जिला शिक्षा अधिकारी/ राजकीय कालेजों के प्रधानाचार्य	सम्बन्धित अधिकारियों के अधीन शैक्षणिक संस्थानों के पुस्तकालयों के लिए पूरी शक्तियां परन्तु शर्त यह है

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
			कि ऐसी पुस्तकों के मामले में जिन की कीमत बिना डाक खर्च के 750/- रुपये प्रति पुस्तक से अधिक हो, निदेशक, विद्यालय/उच्चतर शिक्षा की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई हो।
		(iii) केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय और जिला पुस्कालय के पुस्तकाध्यक्ष	प्रति पुस्तक 750/- रुपये तक (बिना डाक खर्च के)।
35.	मानकी किस्म के ऐसे रासायनिक और वैज्ञानिक उपकरणों की, जिनके विशेष निरीक्षण या परीक्षण की जरूरत नहीं होती और विज्ञान अनुदान की राशि में से स्थानीय मार्किट से खरीदा जा सकता है बशर्ते कि ऐसी वस्तुएं दवाईयों की दुकानों से न खरीदी गई हों, के क्रय खर्च की मंजूरी देना।	राजकीय कालेजों के प्रधानाचार्य	प्रत्येक मद के लिये 5,000/- रुपये तक।
36.	आपात परिस्थितियों में अनुमोदित सप्लाई स्त्रोतों से जांच पड़ताल अथवा परामर्श किए बिना खुले बाजार से चाक खरीदने के खर्च की स्वीकृति देना।	(i) मिडिल स्कूलों के लिए उप मण्डल शिक्षा अधिकारी	एक समय में 5,000/- रुपये तक।
		(ii) प्राथमिक स्कूलों के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी	एक समय में 1,000/- रुपये तक।
		(iii) उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के प्रधान	एक समय में 500/- रुपये तक।
		(4) आबकारी तथा कराधान विभाग	
37.	आबकारी तथा कर चोरी के मामलों के बारे में पुख्ता सूचना देने वाले (सार्वजनिक व्यक्ति) को इनाम देना।	प्रशासकीय विभाग	किसी भी एक मामले में 20,000/- रुपये तक।
		आबकारी तथा कराधान आयुक्त	किसी भी एक मामले में अधिकतम 5,000/- रुपये।
		उप आबकारी तथा कराधान आयुक्त	किसी भी एक मामले में 1,000/- रुपये।
		(5) वन विभाग	
38.	राजस्व खर्च के तौर पर वर्गीकृत मदों पर खर्च की स्वीकृति देना।	वन मण्डल अधिकारी	पूरी शक्तियां।
39.	वन चोरी मामलों के बारे सूचना देने वाले (सार्वजनिक व्यक्ति) को इनाम देना।	वन संरक्षक	पूरी शक्तियां, बशर्ते प्रत्येक मामले में दी जाने वाली राशि 1,000/-रुपये से अधिक नहीं होगी।
		वन मण्डल अधिकारी	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक, बशर्ते इनाम की कुल राशि जब्त की गई वन सम्पत्ति की कुल कीमत जिसमें किए गए जुर्माने की राशि भी शामिल है, के एक चौथाई से ज्यादा न हो और जुर्माने की यह राशि एक साल में 10,000/- रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
40.	भण्डार, औजार, संयंत्र, विश्राम गृहों के लिए फर्नीचर, तम्बू इत्यादि की खरीद पर "पूंजी खर्च" की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		प्रधान मुख्य वन संरक्षक	प्रत्येक मामले में 2,00,000/- रुपये तक।
		मुख्य वन संरक्षक	प्रत्येक मामले में 1,00,000/- रुपये तक।
		वन संरक्षक	प्रत्येक मामले में 50,000/- रुपये तक।
		वन मण्डल अधिकारी	प्रत्येक मामले में 20,000/- रुपये तक।
41.	वन विभाग से सम्बन्धित सभी योजना स्कीमों के अधीन भण्डार और सामग्री खरीदने के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रधान मुख्य वन संरक्षक	पूरी शक्तियां।
		मुख्य वन संरक्षक	प्रत्येक मामले में 1,00,000/- रुपये तक।
		वन संरक्षक	प्रत्येक मामले में 50,000/- रुपये तक।
		वन मण्डल अधिकारी	प्रत्येक मामले में 20,000/- रुपये तक।
			बशर्ते कि सभी वस्तुएं निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान के माध्यम से खरीदी जाएं।

(6) मछली पालन विभाग

42.	मछली शरण स्थान पर चोरी में शिकार करने वालों की सूचना देने वाले (सार्वजनिक व्यक्ति) को इनाम की स्वीकृति देना।	निदेशक, मछली पालन	प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक पूरी शक्तियां।
		उप निदेशक, मछली पालन	वर्ष में 10,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक।
		मछली पालन विकास अधिकारी	वर्ष में 5,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक।
43.	मछली बीज फार्मों के रखरखाव के लिए खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		निदेशक, मछली पालन	प्रत्येक कार्य के लिये 25,000 रुपये तक।
		उप निदेशक, मछली पालन	प्रत्येक कार्य के लिये 10,000 रुपये तक।
		मछली पालन विकास अधिकारी	प्रत्येक कार्य के लिये 5,000 रुपये तक।

(7) सामान्य प्रशासन विभाग

44.	हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा राज्य अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए नियुक्त व्यक्तियों, जो सरकारी कर्मचारी न हो, को दिये जाने वाले पारिश्रमिक की अदायगी की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		हरियाणा लोक सेवा आयोग/ हरियाणा राज्य अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष	वित्तीय वर्ष के दौरान प्रत्येक व्यक्तिगत मामले में अधिकतम 5,000/- रुपये तक।
45.	राज भवन की डिस्पैन्सरी के लिए खुले बाजार से दवाईयों की खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	सचिव, राज्यपाल, हरियाणा	पूरी शक्तियां, बशर्ते खरीद, किफायती ढंग से, कोटेशनें प्राप्त कर के और सबसे कम कोटेशन को स्वीकार करने के बाद, की जाए।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
46.	कर्मचारियों जिनको राजभवन की फुटकर राशि से वेतन दिया जाता है के इलावा श्रेणी IV के कर्मचारियों के लिए घरेलू पशु, कपड़े वर्दियां, पेटियां, बिल्ले तथा कपड़ों की खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	सचिव, राज्यपाल, हरियाणा	पूरी शक्तियां।
47.	सिविल सचिवालय की फुटकर राशि से प्रभारी अनावर्ती खर्च, जिसका अन्यथा कोई प्रावधान न किया गया हो, की स्वीकृति देना।	अवर सचिव (सामान्य) हरियाणा सरकार सचिवालय स्थापना	किसी एक समय के लिए अधिकतम 2,000/- रुपये तक।
	(8) स्वास्थ्य विभाग		
48.	मानसिक रोग हस्पताल से भागे किसी मानसिक रोगी को पकड़ कर वापस लाने वाले सार्वजनिक व्यक्ति (व्यक्तियों) को दिये जाने वाले इनाम की अदायगी की स्वीकृति देना।	महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा तथा निदेशक, प्रधान मैडीकल कालेज, रोहतक	प्रत्येक रोगी के लिए अधिकतम 250/- रुपये की सीमा के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां।
49.	मानसिक रोगियों के मनोरंजन पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं तथा निदेशक, प्रधान मैडीकल कालेज, रोहतक	एक वर्ष में अधिकतम 10,000/- रुपये तक।
50.	विशिष्ट बीमारी और प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में, दवाईयों की असाधारण मांग को पूरा करने के लिये स्थानीय तौर पर दवाईयों की खरीद के खर्च को स्वीकृति देना।	महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं तथा निदेशक, प्रधान मैडीकल कालेज, रोहतक	किसी भी एक मौके के लिए 20,000/- रुपये तक।
		सिविल सर्जन/प्रधान चिकित्सा अधिकारी/क्षेत्रीय मलेरिया अधिकारी	किसी एक मौके के लिए 10,000/- रुपये तक।
		वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/खण्ड चिकित्सा अधिकारी	किसी एक मौके के लिए 5,000/- रुपये तक।
		सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी	किसी एक मौके के लिए 2,000/- रुपये तक।
51.	जहां इन नियमों में किसी विशेष शक्ति का उल्लेख न किया गया हो, वहां (निर्धारित स्त्रोतों से चिकित्सा स्टोर उपकरण और दवाईयां खरीदने के लिए) फुटकर से प्रभार्य अनावर्ती खर्च की स्वीकृति देना।	(i) महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, तथा निदेशक, प्रधान मैडीकल कालेज, रोहतक	किसी एक मौके के लिए 1,00,000/- रुपये तक।
		(ii) सिविल सर्जन/प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पी एम ओ)/ क्षेत्रीय मलेरिया अधिकारी (जैड एम ओ)	किसी एक मौके के लिए 50,000/- रुपये तक।
		(iii) वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/ चिकित्सा अधीक्षक	किसी एक मौके के लिए 10,000/- रुपये तक।
		(iv) सिविल हस्पताल/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी-चिकित्सा अधिकारी	किसी एक मौके के लिए 2,000/- रुपये तक।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
			आपूर्ति तथा निपटान विभाग की नियमावली में निहित संहिता उपबन्धों तथा उपबन्ध का अनुकरण करने के बाद खरीद निहायत किफायती ढंग से की जाए।
52.	सरकारी भवनों में स्थित स्वास्थ्य संस्थानों में छोटी मरम्मतें, परिवर्धन परिवर्तन तथा रखरखाव करने पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं और निदेशक, प्रधान मैडीकल कालेज, रोहतक	प्रत्येक काम के लिए 50,000/- रुपये तक।
		सिविल सर्जन/प्रधान चिकित्सा अधिकारी/क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधीक्षक।	प्रत्येक काम के लिए 30,000/- रुपये तक।
		वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/ खण्ड चिकित्सा अधिकारी	प्रत्येक काम के लिए 10,000/- रुपये तक।
		सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी	प्रत्येक काम के लिए 2,000/- रुपये तक।
			इस शर्त के अधीन कि काम, दरों की उपयुक्तता सुनिश्चित करने तकनीकी औपचारिकताएं तथा संहिता उपबन्धों का अनुपालन करने के बाद किसी भी स्थानीय एजेन्सी से करवाया जाएगा।

(9) उद्योग विभाग

53.	लघु उद्योगों के विकास से सम्बन्धित योजना (योजनाओं) के अधीन भण्डारों और सामग्री की खरीद के खर्च की स्वीकृति देना।	निदेशक, उद्योग विभाग	प्रत्येक योजना के लिए पूरी शक्तियां बशर्ते खरीद निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान के माध्यम से की जाए।

(10) पुलिस विभाग

54.	किसी भी सूचना देने वाले (सार्वजनिक व्यक्ति) को ठोस सूचना देने पर, जिससे किसी अपराधी की पहचान/गिरफ्तारी हो सके, को ईनाम देना।	महानिदेशक, पुलिस	पुलिस नियमों के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां।
		महानिरीक्षक, पुलिस (रेंज)	पुलिस नियमों के अधीन रहते हुए 5,000/- रुपये तक।
		उप-महानिरीक्षक, पुलिस (रेंज)	पुलिस नियमों के अधीन रहते हुए 2,000/- रुपये तक।
		पुलिस अधीक्षक और प्रिंसिपल पुलिस ट्रेनिंग कालेज, मधुबन	पुलिस नियमों के अधीन रहते हुए 1,000/- रुपये तक।
55.	फिंगर प्रिंट ब्यूरो (अंगुली छाप ब्यूरो), मधुबन में काम करने वाले व्यक्तियों के प्रयोगार्थ चश्मे खरीदने पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	महानिदेशक पुलिस	किसी भी एक मद के लिए 5,000/- रुपये तक।
		निदेशक, फिंगर प्रिंट ब्यूरो (अंगुली छाप ब्यूरो)	किसी भी एक मद के लिए 1,000/- रुपये तक।
56.	प्रशिक्षण के लिए गैर मानिक गोला बारूद स्थानीय बाजार से खरीदने की स्वीकृति देना।	महानिदेशक पुलिस	पूरी शक्तियां।
		उप-महानिरीक्षक पुलिस	किसी भी एक मद के लिए 5,000/- रुपये तक।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
57.	हरियाणा सरकार के अधिकार क्षेत्र वाले इलाके में रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्था के सम्बन्ध में रेलवे प्रशासन द्वारा किए गए खर्चों से सम्बन्धित बिलों की पुस्तक हस्तान्तरण द्वारा समायोजन की स्वीकृति देना।	महानिदेशक, पुलिस	पूरी शक्तियां।
58.	इंजीनियरिंग विभाग के लिए भारतीय रेलवे संहिता 1961 के पैरा 1946, 1957 और 1958 के अनुसार रेल विभाग जिन भवनों के लिए किराया वसूल कर सकता है, इस किराए की अदायगी की स्वीकृति देना।	(i) महानिदेशक, पुलिस	पूरी शक्तियां।
		(ii) रेलवे और यातायात पुलिस हरियाणा के उप-महानिरीक्षक	2,000/- रुपये प्रति मास तक।
		(iii) अधीक्षक रेलवे, पुलिस	750/- रुपये प्रति मास तक।
59.	विशिष्ट बीमारी और किसी असाधारण मांग को पूरा करने के लिए पुलिस हस्पताल/डिस्पेंसरी के लिए स्थानीय तौर पर दवाईयां खरीदना।	महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक, हरियाणा सशस्त्र पुलिस/उप महानिरीक्षक पुलिस, निदेशक, पुलिस ट्रेनिंग कांलेज, मधुबन	किसी एक मौके के लिए 10,000/- रुपये तक।
		पुलिस अधीक्षक, कमांडैंट हरियाणा सशस्त्र पुलिस, प्रिंसिपल पुलिस ट्रेनिंग कालेज, मधुबन	किसी एक मौके के लिए 2,000/- रुपये तक।

(11) मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग

60.	आपातिक मांग में निपटाए जाने वाले कार्य को प्राईवेट प्रैसों से छपवाने के लिए वास्तविक खर्च से अधिक खर्च की मंजूरी देना।	नियन्त्रक मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग	मुद्रण एवं लेखन सामग्री नियमावली के उपबन्धों के अधीन रहते हुए एक वित्त वर्ष में 5,000/- रुपये तक।
61.	प्राईवेट प्रैसों में किए जाने वाले छपाई और जिल्द बन्दी के काम जिन की अदायगी लघु शीर्ष "प्राईवेट में छपाई" प्रैसों या लिथोग्राफी, जैसी भी स्थिति हो, से की जाती है, उसकी स्वीकृति देना।	नियन्त्रक मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग	पूरी शक्तियां।

(12) लोक सम्पर्क विभाग

62.	सरकारी कर्मचारियों के इलावा अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रैस को सहयोग देने अथवा विभागीय नाटक और भजन मण्डलियों के लिए तैयार किए गए लेख, ड्रामाज, लघुरूपक और गीत के लिए उन्हें दी जाने वाली फीसों की अदायगी के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक।
		निदेशक, लोक सम्पर्क, हरियाणा	प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
63.	विभागीय प्रकाशनों के लिए लेख लिखने, पुस्तकों लिए पाण्डुलिपियां तैयार करने, पुस्तिका लिखने, पेंटिंग तैयार करने, फोटोग्राफ खींचने तथा कलात्मक नमूने तैयार करने के लिए व्यक्तिगत सहयोग देने वाले व्यक्तियों को, की जाने वाली अदायगी, के खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक।
		निदेशक, लोक सम्पर्क, हरियाणा	प्रत्येक मामले में 500/- रुपये तक।

(13) राजस्व विभाग (टिकटें)

64.	भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 अथवा न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 के अधीन किसी अपराधी को सजा दिलवाने में ठोस योगदान देने वाले किसी सार्वजनिक व्यक्ति को इनाम की स्वीकृति देना।	वित्त आयुक्त (राजस्व)	पूरी शक्तियां।
		कैलक्टरज	किसी भी एक मामले में 1,000/- रुपये तक।

(14) परिवहन विभाग

65.	पैट्रोल, मोबाइल-आयल और स्नेहक (लुबरिकैन्टस) की खरीद पर खर्च की स्वीकृति देना।	महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	पूरी शक्तियां।
66.	मरम्मत, सर्विस करने और छोटे औजारों की खरीद सहित अन्य फुटकर खर्चों की स्वीकृति देना।	परिवहन आयुक्त	पूरी शक्तियां।
		उप परिवहन नियन्त्रक (तकनीकी)	एक मास में 30,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक मद के लिए 2,000/- रुपये।
		महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	एक मास में 25,000/- रुपये की अधिकतम सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक मद के लिए 1,000/- रुपये।
67.	महत्तवपूर्ण मेलों के दौरान स्टाफ के कर्मचारियों को जो सामान्य ड्यूटी समय के बाद भी बसें चलाते हैं, को साधारण भोजन और जलपान करवाने के लिये खर्च की स्वीकृति देना।	महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	उन कर्मचारियों जिन्होंने वास्तविक तौर पर काम किया है, किन्तु अतिरिक्त समय के लिए पात्र नहीं हैं, को 20/- रुपये प्रति व्यक्ति की दर से एक समय में 150/- रुपये।
68.	विज्ञापन और प्रचार पर होने वाले खर्च की स्वीकृति देना।	परिवहन आयुक्त	पूरी शक्तियां।
		उप-नियन्त्रक परिवहन (तकनीकी)	प्रति वर्ष 5,000/- रुपये तक।
		महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	प्रति वर्ष 2,000/- रुपये तक।
69.	ढांचे सहित पूरी बसें खरीदने पर खर्च की स्वीकृति देना।	परिवहन आयुक्त	पूरी शक्तियां परन्तु शर्त यह है कि खरीद, निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान के माध्यम से प्रभावित होगी।
70.	प्लांट्स और मशीनों की खरीद पर खर्च की स्वीकृति देना।	परिदहन आयुक्त	पूरी शक्तियां।
		उप परिवहन नियन्त्रक (तकनीकी)	एक मास में कुल 30,000/- रुपये की सीमा के अधीन रहते हुए प्रत्येक मद के लिए 10,000/- रुपये तक।
		महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	एक मास में कुल 10,000/- रुपये के अधीन रहते हुये प्रत्येक मद के लिए 1,000/- रुपये तक।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
			परन्तु शर्त यह है कि खरीद निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान के माध्यम से की जाए।
71.	मामूली दुर्घटनाग्रस्त बसों की मरम्मत पर खर्च की स्वीकृति देना।	परिवहन आयुक्त	पूरी शक्तियां।
		महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	प्रत्येक मामले में 2,000/- रुपये तक।
72.	दुर्घटना के कारण न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले से उत्पन्न होने वाले प्रतिकर के लिए दावों पर खर्च की स्वीकृति देना।	परिवहन आयुक्त	पूरी शक्तियां, परन्तु शर्त यह है कि ऐसे सभी मामलों, जहां व्यक्तिगत लापरवाही का पता चलता है, उसकी सूचना वित्त विभाग के माध्यम से महालेखाकार को भेजी जाए और कोई अदायगी करने से पूर्व विधि परामर्शी की सलाह ली जाए।
73.	न्यायालय पंचाट से भिन्न मामलों में दुर्घटनाओं के कारण उत्पन्न होने वाले प्रतिकर के दावों पर खर्च की स्वीकृति देना।	प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में 25,000/- रुपये तक।
		परिवहन आयुक्त	प्रत्येक मामले में 5,000/- रुपये तक।
		महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	प्रत्येक मामले में 1,000/- रुपये तक।
			परन्तु सभी मामले, जहां व्यक्तिगत लापरवाही का पता चलता है, उस की सूचना वित्त विभाग के माध्यम से महालेखाकार को भेजी जाए और कोई अदायगी करने से पूर्व विधि परामर्शदाता की सलाह भी ली जाए।
74.	मोटर दुर्घटना मुआवजा अधिकरण (एम०ए०सी०टी०) मामलों में खर्च की स्वीकृति देना :—	प्रासासकीय विभाग	पूरी शक्तियां।
		परिवहन आयुक्त	पांच लाख रुपये तक।
	(1) उच्च न्यायालय अथवा जिला स्तर पर लोक अदालत में निपटाए गए मामले।	महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	1.50 लाख रुपये तक।
75.	टायरज और ट्यूब्ज खरीदने पर खर्च की स्वीकृति देना।	महाप्रबन्धक, हरियाणा परिवहन	पूरी शक्तियां, इस शर्त के अधीन रहते हुये कि :—
			(i) खरीद निदेशक, आपूर्ति एवं निपटान द्वारा निर्धारित दरों पर की जाएगी;
			(ii) टायरज और ट्यूब्ज की खरीद एक समय में एक तिमाही की अपेक्षितता से अधिक नहीं होनी चाहिए;
			(iii) बदले गए टायरज-ट्यूब्ज जितने किलोमीटर चले हों अपने कार्यालय में जांच के लिए परिवहन आयुक्त को सूचना भेजी जाये।
76.	ड्राईवरों, कंडक्टरों और अन्य कर्मचारियों, जिन्हें वर्दी पहनना अपेक्षित हो, को वर्दियां सप्लाई करने के खर्च की स्वीकृति देना।	विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयाध्यक्ष।	आपूर्ति एवं निपटान विभाग द्वारा विहित दरों और नियमों के अधीन रहते हुए पूरी शक्तियां।

क्रम संख्या	शक्ति का स्वरूप	प्राधिकारी, जिसको शक्ति प्रत्यायोजित की जानी है	प्रत्यायोजित शक्तियों की सीमा
	(15) महिला एवं बाल विकास विभाग		
77.	सम्पूरक शिशु विकास सेवाओं के अन्तर्गत अनुपूरक पोषाहार कार्यक्रम के अधीन खाद्य पदार्थ खरीदने के खर्च की स्वीकृति देना।	(i) विभागाध्यक्ष	पूरी शक्तियां।
		(ii) सभी उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त	पूरी शक्तियां।

टिप्पण :—

(1) पंजाब वित्त नियमावली जिल्द 1 के अध्याय XVII में बजट उपबन्धों के अनुसार और अध्याय XVIII में यथा उपबन्धित सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी गई वित्तीय स्वीकृति प्राप्त कर के ही इन शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा।

(2) मण्डलों के आयुक्त और उपायुक्त क्रमशः विभागाध्यक्षों और नियन्त्रण अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

(3) नियम 19.4 के नीचे टिप्पण में यथा वर्णित अधीनस्थ प्राधिकारी को प्रत्यायोजित शक्तियों का प्रयोग उच्च प्राधिकारी द्वारा भी किया जा सकता है।

(4) वर्ष से अभिप्राय वित्त वर्ष से है अर्थात् जो प्रथम अप्रैल से शुरू हो कर आगामी 31 मार्च को समाप्त होगा"।

भास्कर चैटर्जी,
वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
वित्त विभाग।

HARYANA GOVERNMENT

FINANCE DEPARTMENT

(REGULATION)

Notification

The 12th March, 2006

No.2/1(4)-87-4FR .—In exercise of the powers conferred by clause (2) of article 283 of the Constitution of India, the Governor of Haryana hereby makes the following rules further to amend the Punjab Financial Rules, Volume I, in their application to the State of Haryana, namely :—

1. These rules may be called the Punjab Financial Volume I (Haryana first Amendment) Rules, 2006.

2. In the Punjab Financial Rules, Volume-I, for rule 19.6, the following rule shall be substituted, namely :—

"19.6 Contingencies, stores, fees, compensation, remuneration etc. (Rules 8.3 and 15.2) :—

Serial Number	Nature of power	Authority to which the power is delegated	Extent of powers delegated
1.	To sanction non-recurring expenditure, not otherwise provided for in this rule	Administrative Departments Heads of Departments	Full powers. Upto Rs. 1,00,000/-. in each case.
		Controlling Officers	Upto Rs. 40,000/- in each case.
		Heads of offices	Upto Rs. 10,000/- in each case.
2.	To sanction recurring expenditure not otherwise provided for in this rule	Administrative Departments Heads of Departments	Full Powers. Upto Rs.50,000/- in each case.
		Controlling Officers	Upto Rs.20,000/- in each case
		Heads of offices	Upto Rs.5,000/- in each case.
3.	(i) To sanction purchase of Computers including personal computers and accessories	Administrative Departments in consultation with I.T. Department	Upto Rs. 50,000/- for each Computer
	(ii) Hire and maintenance of computers of all kinds	Administrative Departments in consultation with I.T. Department	Full Powers.
4	To sanction charges for: Electricity, gas, water, telephone, postage stamps and taxes levied by statutory body or any other authority	Heads of offices	Full Powers.
5	To sanction purchase and repairs of fixtures and furniture.	Heads of Departments Heads of offices	Full powers. Upto Rs.1,000/- in each case.
6	To sanction payment of Freight, demurrage and wharfage charges	Administrative Departments Heads of Departments	Full powers. Upto Rs. 5,000/- in each case.
		Controlling Officers	Upto Rs.2,000/- in each case.
		Heads of offices	Rs. 500/- in each case. subject to the conditions that the charges are not levied due to the negligence of any official.

Serial Number	Nature of power	Authority to which the power is delegated	Extent of powers delegated
7	To sanction hire charges of electric fans, heaters, coolers etc.	Heads of Offices	Full powers
8	To sanction the payment of rent for building or land for :	Administrative Department	Upto Rs.20,000/- for (i) and (ii) and Upto Rs.10,000/- per mensem in each individual case for (iii)
